भिवाड़ी मोड़ का ब्रिज चढ़ा अतिक्रमण की भेंट

अलवर, 30 सितम्बर (वेब वार्ता)। भिवाड़ी मोड़ पर हाल ही में NHAI के द्वारा करीब 73 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया ब्रिज अतिक्रमण की भेट चढ़ने लगा है। यहां पर ब्रिज के नीचे चाय की थड़ीया, पान तंबाकू सहित अन्य कई प्रकार की दुकानें जमा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था गड़बड़ा गई है लोडिंग वाहनों के ड्राइवर सड़क के बीच में ही अपने वाहनों को खड़ा कर थड़ियों पर चाय पीने के लिए बैठ जाते हैं। जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है, तो वही हरियाणा से लेकर राजस्थान सीमा में जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। बता दें कि सुबह शाम यहां पर करीब 1 से 2 किलोमीटर का जाम रोजाना लगता है। यह हाल तो तब है जब भिवाड़ी मोड पर ही ट्रेफिक पुलिस थाना संचालित है। यहां पर यह सारा काम ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों की मिली भगत और अनदेखी के कारण हो रहा है। शहर की आधी ट्रैफिक पुलिस का जाता सुबह से शाम तक भिवाड़ी मोड़ पर तैनात रहता है, ये ट्रैफिक पुलिस वाले ही ब्रिज के नीचे थड़ियों पर आराम से बैठ कर जाम का नजारा देखते हैं ना तो ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त कराई जाती है और ना ही अतिक्रमण कर लगाई गई इन थड़ियों को यहां से हटाया जाता है। शाम के समय तो रोजाना सवारी टैंपू बड़ी मात्रा में बेतरतीब तरीके से यहां पर खड़े रहते हैं लेकिन उन्हें हटाने वाला कोई नहीं होता, भिवाड़ी मोड़ पर ट्रैफिक व्यवस्था मात्र नाम चारे की बनकर रह गई है। इंचार्ज थानाधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि अनधिकृत रूप से लगाई गई सभी थड़ियों को हटवाया जाएगा और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। सुबह और शाम भीड़ ज्यादा होने के कारण कुछ जाम की स्थिति बन जाती है लेकिन ट्रैफिक पुलिस के द्वारा कुछ ही समय में उसको ठीक करवा दिया जाता है।

शॉर्ट सर्किट से ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगी भीषण आग

अलवर, 30 सितम्बर (वेब वार्ता)। बहरोड़ में HP गैस गोदाम के पास पशु चारे (कड़बी) से भरी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। जिससे करीब 20 हजार रुपए की कड़बी जलकर राख हो गई। वही आग लगने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना शनिवार सुबह 9.30 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शी शिवकुमार ने बताया कि गांव रिवाली निवासी अरविंद, बाबूलाल अपने खेत से बाजरे की कड़बी लेकर जा रहे थे। जैसे ही एचपी गैस गोदाम के पास कॉलोनी पहुंचे तो वहां ऊपर से निकल रही हाई टेंशन लाइन को छूने से शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। जिसके बाद चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए कॉलोनी के पास खेत में ट्रैक्टर ट्रॉली को उतार कर पलट दिया। जिससे ट्राली और ट्रैक्टर दोनों बच गए। आग लगने

से 20 हजार रुपए की कड़बी जलकर राख हो गई। वहीं मौके पर मौजूद बुजुर्ग महिला भीषण आग को देखकर बेहोश हो गई। जिसके बाद आसपास के लोगों ने घटना की सूचना नगर परिषद की दमकल को दी। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। कॉलोनीवासी कैलाश चंद ने बताया कि उनके द्वारा हाईटेंशन लाइन जीर्ण शीर्ण हालात में होने और नीची लटकने की शिकायत कई बार डिस्कॉम के अधिकारियों को दी गई है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। वहीं एचपी गैस गोदाम के पास भी हाईटेंशन लाइन झूल रही है। जिससे कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।

मुख्यमंत्री जनसम्पर्क प्रकोष्ठ मुख्यमंत्री का बिसाऊ (झुंझुनूं) दौरा

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

झुंझुनूं/जयपुर, 30 सितम्बर (वेबवार्ता)। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि झुंझुनूं जिला आजादी से ही शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में हमेशा से अग्रणी रहा है। यहां की प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। राज्य सरकार ने भी शेखावाटी क्षेत्र में बड़ी संख्या में शिक्षण और खेल संबंधी संस्थान खोले हैं। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र अपनी सांस्कृतिक और पुरातत्व धरोहर के लिए भी देशभर में अनूठी पहचान रखता है। यहां की हवेलियां व बिसाऊ की रामलीला देशभर में प्रसिद्ध हैं।

श्री गहलोत शनिवार को झुंझुनूं के बिसाऊ में लगभग 150 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने स्व. रामनारायण चौधरी का जिक्र करते हुए कहा कि वे जन भावना के अनुरूप क्षेत्र विकास में समर्पित रहे, उसी तरह स्थानीय विधायक कुमारी रीटा चौधरी ने भी क्षेत्र विकास में अहम योगदान दिया है। राज्य सरकार ने भी विकास में कोई कमी नहीं रखी। मंडावा क्षेत्र में 6 महाविद्यालय खोले है, जहां

विद्यार्थी अपना भविष्य संवार रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, महिला सशक्तिकरण, रोजगार, आर्थिक विकास, आधारभूत सरंचना विकास, सोलर ऊर्जा, अनाज उत्पादन सहित हर क्षेत्र में देश का मॉडल स्टेट बन गया है। उन्होंने कहा कि 11.04 जीडीपी विकास दर के साथ राजस्थान उत्तर भारत में प्रथम और देश में द्वितीय स्थान पर आ गया है। हमारे कुषल वित्तीय प्रबंधन से राज्य की अर्थव्यवस्था वित्तीय वर्ष के अंत तक 15 लाख करोड़ हो जाएगी, जिसे वर्ष 2030 तक 30 लाख करोड़ तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। श्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक राजस्थान को हर क्षेत्र में भारत का सिरमौर बनाने की दिशा में महत्वाकांक्षी 'राजस्थान मिशन-2030' की षुरूआत की है। अब तक 2.50 करोड़ से अधिक लोगों से सपनों के राजस्थान के लिए सलाह और सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। इन्हीं के आधार पर 5 अक्टूबर, 2023 को 'विजन-2030 डॉक्यूमेंट' जारी किया जाएगा। इसमें सुझावों के जरिए प्रत्येक प्रदेशवासी की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने 5 साल में 4 गुना गति से प्रगति की है। अब वर्ष 2030 तक प्रगति की गति को 10 गुना बढ़ाना हमारा लक्ष्य है। राज्य की योजनाओं का अध्ययन करवाए केंद्र सरकार श्री गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के स्वास्थ्य का अधिकार, राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी, गिग वर्कर्स वेलफेयर एक्ट, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, किसानों की जमीन कुर्की से बचाने जैसे कानून, पुनः ओपीएस की षुरूआत, कामधेनु बीमा योजना, अनुप्रति कोचिंग योजना सहित विभिन्न नीतिगत फैसलों से हर वर्ग को राहत प्रदान की है। कई राज्य सरकारें हमारा अनुसरण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को भी राज्य सरकार की योजनाओं और फैसलों का अध्ययन करवाकर इन्हें पूरे देश में एक समान रूप से लागू करना चाहिए। देश के सभी नागरिकों को मिले सामाजिक सुरक्षा मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा, सूचना, शिक्षा का अधिकार और महात्मा गांधी नरेगा के तहत रोजगार का अधिकार देषवासियों को एक समान रूप से दिया। राज्य सरकार भी लगभग 1 करोड़ लोगों को न्यूनतम 1000 रुपए प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन दे रही है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तहत् शिकायत निवारण शिविर संपन्न

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

गंगापुर सिटी, 30 सितम्बर (वेब वार्ता)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार आयोग की सदस्य सचिव श्रीमति रूपाली बनर्जी सिंह की अध्यक्षता में आंकाक्षी ब्लॉक पंचायत समिति गंगापुर सिटी के सभागार में शिकायत निवारण शिविर शनिवार को आयोजित किया गया।श्रीमति रूपाली ने संवदेनशीलता के साथ 18 वर्ष तक के बच्चों से संबंधित समस्त शिकायतों एवं परिवेदनाओं को सुना और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही 250 प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए परिवादियों को राहत भी दिलाई। इस दौरान आयोग की सदस्य सचिव द्वारा पंचायत समिति परिसर में पौधारोपण किया गया। साथ ही बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया गया एवं दिव्यांगजनों को 03 व्हील चेयर, 07 ट्राइसाइकिल एवं 02 श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। भारत सरकार द्वारा सीपीसीआर अधिकार अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत गठित एक संवैधानिक निकाय है। आयोग का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को सविंधान के विभिन्न अधिनियमों एवं कानूनों के प्रावधानों के अन्तर्गत निहित अधिकारों का लाभ लेने हेतु सक्षम बनाना है। जिला परिषद् के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि पीठ के समक्ष कुल 330 प्रकरण प्राप्त हुए जिनमें बाल अधिकारों के हनन, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनवाने, दिव्यांगजन शिक्षा, इलाज, बच्चों के अधिकारों, विशेष योग्यजन पेंशन शुरू करवाने, पालनहार सहित अन्य योजनाओं में पात्र बच्चों को लाभ दिलवाने आदि से संबंधित प्रकरण रहे।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद, नादौती के उपखंड अधिकारी शिवराज मीना, पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई, आयोग के प्रतनिधिगण, समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, चैतन्य सेवा सदन की संचालिका प्रेमलता शर्मा, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक एवं चैतन्य सेवा सदन के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत सीपी हॉस्पिटल में निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

गंगापुर सिटी, 30 सितम्बर (वेब वार्ता)। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को संपूर्ण देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में भारतीय जनता पार्टी एवं उसके सहयोगी संगठनों द्वारा मनाया जा रहा है इसी के अंतर्गत गंगापुर सिटी के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी द्वारा जयपुर बाईपास स्थित सी. पी. हॉस्पिटल में स्थित नेत्र विभाग केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी गंगापुर सिटी एवं सामाजिक संगठन लायंस क्लब गरिमा के संयुक्त तत्वावधान में श्रीश्याम पैरामेडिकल चिकित्सकीय टीम के चिकित्सकीय सहयोग से निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा,पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर,सभापति शिवरतन अग्रवाल,पूर्व सभापति संगोता बोहरा,सी.पी.हॉस्पिटल वरिष्ठ चिकित्सक सी पी गुप्ता,कार्यक्रम संयोजक मनोज बंसल,लायंस क्लब सदस्य मुकेश राजाराम मीणा,सचिन बंसल,वरिष्ठ नेत्र चिकित्सा डॉ नीलम,डॉ.प्रसून,डॉ अवधेश जैमन,डॉ कमलेश अतिथि के रूप में मंचासीन रहे इस अवसर पर पूर्व विधायक गुर्जर एवं सभापति अग्रवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण का कार्य करके निश्चित रूप से प्रधानसेवक मोदी के मानवीय सेवा के माध्यम से सेवा कार्यों के रूप में मनाने का प्रयास भारतीय जनता पार्टी के द्वारा श्रेष्ठ सोच परिचायक है! कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक सी पी गुप्ता द्वारा कहा गया कि निश्चित रूप से प्रत्येक मनुष्य के लिए नेत्र ज्योति होना अति आवश्यक है इसके अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी एवं लाइंस क्लब गरिमा गंगापुर सिटी द्वारा संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया निशुल्क नेत्र प्रत्यारोपण का कार्य श्रेष्ठ है उन्होंने आगामी भविष्य में भी पुण्यात्मक कार्यों के लिए अपने चिकित्सा संस्थान को हरसंभव उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया गया आज की शक्ति टीम के डॉ. प्रसून ने कहा गया कि श्रीश्याम पैरामेडिकल चिकित्सा के टीम दौसा द्वारा लायंस क्लब गरिमा के सहयोग से गंगापुर सिटी में अब तक सफलता पूर्वक निःशुल्क 7000 नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद नेत्र आपरेशन किए जा चुके हैं।

वेदांता ने की डिमर्जर की घोषणा, पांच नई कंपनियां लिस्टेड होंगी

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

जयपुर, 30 सितम्बर (वेबवार्ता)। उल्लेखनीय ग्लोबल फुटप्रिंट के साथ भारत की सबसे बड़ी डाइवर्सिफाइड नेचुरल रिसोर्स कंपनी वेदांता लिमिटेड ने वैल्यू अनलॉक करने और प्रत्येक व्यवसाय का विस्तार और विकास के लिए बड़े निवेश को आकर्षित करने के लिए अपनी बिजनेस यूनिट्स को स्वतंत्र प्योर प्ले कंपनियों में विभाजित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। वेदांता सर्वोत्तम श्रेणी की ईएसजी प्रैक्टिसेज के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रीन इकॉनमी में परिवर्तन के लिए क्रिटिकल मेटल्स पर उसका विशेष फोकस है।

यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब भारत के अगले कई वर्षों तक सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान लगाया गया है। वेदांता लिमिटेड का नब्बे प्रतिशत से अधिक मुनाफा भारत में प्राप्त होता है। यहाँ कमोडिटीज की मांग तेजी से बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि देश वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण जारी रख रहा है और एनर्जी ट्रांजीशन के लिए महत्वकांक्षी टार्गेट्स को पाने का प्रयास कर रहा है जिनके लिए मिनरल्स की बहुत आवश्यकता रहेगी। भारत सरकार का आत्मनिर्भरता पर जोर कमोडिटी क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के लिए तेजी से विकास के अवसर प्रदान करेगा।

वेदांता के पास जिंक, सिल्वर, लेड, एल्यूमीनियम, क्रोमियम, कॉपर, निकल मिनरल्स के साथ ऑयल और गैस; आयरन अयस्क और स्टील सहित एक पारंपरिक फेरस वर्टीकल; और पॉवर, जिसमें कोयला आधारित और नवीकरणीय ऊर्जा शामिल है, में भारत और वैश्विक कंपनियों के बीच फैली एसेट्स का एक अनूठा पोर्टफोलियो है। अब ये समूह सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले ग्लास मैन्युफैक्चरिंग में प्रवेश कर रहा है। एक बार डीमर्जर के बाद, प्रत्येक स्वतंत्र यूनिट को स्वतंत्र मैनेजमेंट, कैपिटल एलोकेशन और ग्रोथ के लिए विशिष्ट स्ट्रेटेजी के माध्यम से अपनी क्षमता और वास्तविक मूल्य तक बढ़ने की अधिक स्वतंत्रता होगी। यह ग्लोबल और भारतीय इन्वेस्टर्स को अपने पसंदीदा वर्टिकल में इन्वेस्ट करने का अवसर भी देगा, जिससे वेदांता एसेट्स के लिए इन्वेस्टर बेस का विस्तार होगा। डी-मर्जर को एक साधारण वर्टिकल शिफ्ट के रूप में करने की योजना है, जिसमे वेदांता लिमिटेड के एक शेयर पर प्रत्येक शेयर होल्डर को नई लिस्टेड पाँच कंपनियों के एक एक शेयर मिलेंगे।

अदाणी विद्या मंदिर को 7वें एनवाईसी ग्रीन स्कूल कॉन्फ्रेंस में मिला सम्मान

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

जयपुर, 30 सितम्बर (वेबवार्ता)। अदाणी विद्या मंदिर (एवीएमए) ने पर्यावरण के प्रति शिक्षा की लौ जगाने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अहम मुकाम हासिल किया है। हाल ही में, एवीएमए ने 7वें एनवाईसी ग्रीन स्कूल कॉन्फ्रेंस में प्रतिष्ठित ग्रीन स्कूल का पुरस्कार जीता, ये उपलब्धि संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) न्यूयॉर्क के 78वें सत्र के अनुरूप है जो सतत शिक्षा के प्रति भारत के अटूट समर्पण और गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों से निपटने के सक्रिय रुख को दर्शाती है। अदाणी विद्या मंदिर ने शिक्षा से जुड़े खर्चों को कम करने के लिए कई प्रयास हैं जिससे छात्रों और उनके परिवारों लाभ मिल रहा है। ये लागत-बचत उपाय, परिवारों को समय के साथ बचत करने में सक्षम बनाते हैं जिसके बाद इस राशि तो उच्च शिक्षा में लगाया जा सकता है। इसके अलावा स्कूल अपने पाठ्यक्रम-एकीकृत

वृक्षारोपण गतिविधियों के माध्यम से जैव विविधता पर जोर देता है। एवीएमए पारंपरिक शैक्षिक दृष्टिकोण से अलग अपने छात्रों में हमारे ग्रह के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करता है। एनवाईसी ग्रीन स्कूल कॉन्फ्रेंस छात्रों को वृक्षारोपण, वेस्ट रिडक्शन और संरक्षण करने के लिए जागरुक करते हैं साथ ही पर्यावरण बचाने के लिए एक अलग राह भी दिखाते है। इसके अलावा तकनीक, जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिक संरक्षण पर भी जोर दिया जाता है। अदाणी विद्या मंदिर में पर्यावरण जुड़े रहने के सभी विकल्प मौजूद है। सौर ऊर्जा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट मैनेजमेंट समेत जल संरक्षण और लैंडफिल प्रभाव को कम करने जैसे प्रयास शामिल है। एवीएमए मानता है कि स्थिरता एक विश्वव्यापी प्रयास है और एक स्थायी भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से वैश्विक भागीदारी जरुरी है। अदाणी विद्या मंदिर पहले ही यूनिसेफ के साथ मिल कर काम कर रहा है साथ ही यूनेस्को के साथ साझेदारी बनाने की प्रक्रिया में है। अदाणी विद्या मंदिर यूनिसेफ के साथ सहयोग करने वाला गुजरात का एकमात्र निजी स्कूल है और क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के तहत एनएबीईटी द्वारा मान्यता प्राप्त अहमदाबाद का पहला निजी स्कूल है। स्कूल ने क्लाइमेट एक्शन समिट 2023 में भाग लेकर यूनिसेफ के साथ सहयोग किया है। एवीएमए, अहमदाबाद के दो छात्र, अलविना रॉय और गितांशु चावड़ा ने ब्राजील और चीन में एएफएस इंटरकल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रमों के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति अर्जित की है। हम आपको ये भी बता दें कि अदाणी फाउंडेशन ने टेमासेक फाउंडेशन (सिंगापुर) के साथ मिलकर एनआईई इंटरनेशनल एसटीईएम लीडरशिप प्रोग्राम शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है।

गाँव गिधवानिया में आसा संस्था द्वारा एचडीएफसी परियोजना

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

उज्जैन, 30 सितम्बर (वेबवार्ता)। के नागदा के समीप ग्राम गिधवानिया में आसा संस्था द्वारा एचडीएफसी परियोजना के तहत बनाए गए वेयरहाउस पर वेयरहाउस का उद्घघाटन एवं परियोजना हैंड ओवर सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमे उधानिकी विभाग से डा. राजेश गर्ग (मुख्य अतिथि) एचडीएफसी परियोजना से मृत्युंजय सर,निर्मित सर एवं खाचरोद बैंक मैनेजर चित्रांश निगम सर आसा भोपाल हेड ऑफिस से जयंती मैडम, अमिताभ घोस सर केके सर भगवान सर उपस्थित रहे इसके साथ परियोजना के 15 गांव से किसान उपस्थित रहे जिसमे सरपंच सचिव, खाचरोद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बीओडी व् अंशधारक उपस्थित रहे कार्यक्रम के शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई इसके बाद रेबिन कटिंग हुआ।

लखारा विकास सीमित की रक्तदान शिविर की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकड़ी, 30 सितम्बर (वेबवार्ता)। ज्ञात हो की समाज सेवी फूलचंद नागोरिया की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पे केकड़ी लखारा विकास सीमिती ने राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी के ब्लड सेंटर पे एक रक्तदान शिविर का आज 1 अक्टूबर रविवार समय 9 बजे से 1 बजे तक रखा हे। इस हेतु विकास सीमित के संरक्षक डॉ. राजेंद्र लखारा ने समाज की युवा पीढ़ी को एक जुट ओर तन मन से कार्य को अच्छे से संपन्न करने के लिए आव्हान किया ।केकड़ी लखारा विकास सीमिती के अध्यक्ष प्रवीण नागोरिया ने विभिन्न कार्य करने के लिए अलग अलग टीम गठित की ।

IndoStar Home Finance Private Limited

Regd. Office: - Unit No. 305, 3rd Floor, Wing 2/E, Corporate Avenue, Andheri- Ghatkopar Link Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai – 400093
CIN : U65990MH2016PTC271587 **Tel:** +91 22 45107701
Email: connect@indostarhfc.com; **Website:** www.indostarhfc.com

सूचना

मास्टर डायरेक्शन- गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (रिज़र्व बैंक) निर्देश, 2021 के पैराग्राफ 93 के अनुसार नोटिस दिया गया है कि कंपनी का शाखा कार्यालय **प्लॉट नंबर 142 स्कीम नंबर 3, वसंत विहार, रघु मार्ग, विजय मंदिर रोड, जेल के पास, अलवर राजस्थान** -301001 में स्थित है। **31 दिसंबर, 2023** के व्यावसायिक घंटों की समाप्ति से बंद रहेगा। यदि किसी सहायता की आवश्यकता है, तो आप ऊपर बताए अनुसार निकटतम शाखा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं या जुड़ने के लिए connect@indostarhfc.com पर एक ईमेल भेज सकते हैं।
यह नोटिस कंपनी की वेबसाइट (www.indostarhfc.com) पर देखा जा सकता है।

इंडेस्टार होम फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए
एसडी/-
निधि सदानी
कंपनी सचिव
दिनांक: 30-09-2023

जयपुर जगुआर, अरावली ईगल्स, सिंह सूरमा और शेखावाटी किंग्स ने रियल कबड्डी लीग सीजन 3 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

जयपुर, 30 सितम्बर (वेबवार्ता)। पहले सेमीफाइनल में जयपुर जैगुआर्स और अरावली ईगल्स आमने-सामने होंगे, और दूसरे में सिंघ सूरमा और शेखावाटी किंग्स मुकाबला करेंगे। रियल कबड्डी लीग सीजन 3 के सातवें दिन की शुरुआत जोरदार रही और सभी 4 सेमीफाइनल स्थानों पर कब्जा हो गया। सिंह सूरमा और मेवाड़ मोंक्स के बीच पहला गेम कुछ कम शानदार नहीं था, जिसमें दोनों पक्षों के बीच केवल 1 अंक का अंतर था। सिंह सूरमा के भरोसेमंद हेमंत चौहान ने वही किया जो उनसे अपेक्षित था, जो दोनों टीमों के बीच अंतर कारक साबित हुआ क्योंकि सिंह सूरमा ने मेवाड़ मोंक्स को 1 अंक से हरा दिया, अंतिम स्कोर 41-40 था,

इस जीत ने उन्हें सेमीफाइनल भी दिला दिया। -अंतिम बथ. 'मेवाड़ मोंक्स के जतिन शर्मा, जिन्होंने मैन ऑफ द मैच भी जीता, ने 20 अंकों के साथ शीर्ष स्कोर किया, लेकिन अपनी टीम को जीत की रेखा तक नहीं ले जा सके। दिन के दूसरे मैच में, शेखावाटी किंग्स ने चंबल पाइरेट्स के ऊपर राज कीया और मैच को 24 अंकों से जीता। दिपक पंडित ने जो मैन ऑफ द मैच जीता, उन्होंने 10 टैकल अंक बनाए, जो चंबल पाइरेट्स द्वारा पार नहीं किया जा सका, उन्हें लक्ष्य मलिक और हरिश ने भी अच्छा समर्थन दिया, जिन्होंने 19 और 13 अंक बनाए। दिन के तीसरे मैच में, अरावली ईगल्स और जोधाना वॉरियर्स के बीच कोई भी अंतर नहीं था, और यह मैच 41 स्कोर के साथ बराबरी से समाप्त हुआ। यह अरावली ईगल्स के लिए इस टूर्नामेंट में दूसरा टाई था। संजू ने टीम के लिए 10 अंक बनाए, लेकिन मैन ऑफ द मैच विशाल के नाम था, जिन्होंने 14 अंक बनाए, जिसमें 13 रेड अंक और 1 टैकल अंक शामिल थे। दिन के आखिरी गेम में, जयपुर जगुआर ने बिकाना राइडर्स पर जबरदस्त हमला किया और उन्हें लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें सेमीफाइनल में जगह भी गंवानी पड़ी। अंतिम स्कोर जयपुर जगुआर के पक्ष में 74-42 था; जयपुर जगुआर के अनिल ने अपने 30 अंकों के कारनामे के लिए मैन ऑफ द मैच जीता।

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नीदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड़, जयपुर से मुद्रित व कार्यालय दुकान नं. 1 वार्ड नं. 1, इण्डियन मेडिकल हॉल के पास, हमीन्दपुर रोड़, बहरोड़ जिला-अलवर (राजस्थान) से प्रकाशित। संपादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें।